दिनांकः 15.04.2026 समय: 0900 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया।
- भुवनेश्वर में आज प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन-निवेशए व्यापारिक सहयोग और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।
- जैसलमेर की पोकरण रेंज में हो रहे भारतीय वायुसेना के ड्रोनाथन-2026 में स्वदेशी ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन।
- प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बरसात हुई-उदयपुर संभाग में आज कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस जनादेश से साफ हो गया है कि जनता डबल इंजन सरकार की सुशासन और विकास नीतियों का पूरा समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकार के हर वर्ग की सेवा और खुशहाली के इरादे को मजबूती मिलेगी।

000

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनावों के तहत जयपुरए जोधपुरए कोटा और सुकेत के कुछ मतदान केन्द्रों पर ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण पुनर्मतदान करवाने के निर्देश दिये हैं। आयोग को इन मतदान केन्द्रों पर ईवीएम खराबी की शिकायतें मिली थीं। कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पुनर्मतदान करवाया जाएगा। 17 सितम्बर को वोटों की गिनती की जाएगी।

इस बीचए जयपुरए जोधपुरए कोटा नगर निगम और सुकेत नगर पालिका को छोड़ कर शेष सभी 305 नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद के चुनाव की लोक सूचना आज जारी हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सुबह 7 बजे अधिसूचना जारी की। इसके अनुसार अध्यक्ष पद के लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 और 22 सितंबर को चुनाव होगा। आज और कल अध्यक्ष पदों के लिए नामांकन भरे जाएंगे। स्थगित अध्यक्षीय चुनाव वाले 4 निकायों में वोटों की गिनती

के बाद अध्यक्ष पद के चुनाव की लोक सूचना जारी कर दी जाएगी। निकाय चुनाव परिणामों पर और ब्यौरा दे रही हैं न्यूज डेस्क से हमारी सहयोगी सालेहा ग़ाज़ी -

...............

000

भुवनेश्वर में आज प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में निवेशए व्यापारिक सहयोग और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए इस मीट का आयोजन किया गया है। उद्योग और वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल मीट की अगुवाई करेंगे। राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त मनीषा अरोड़ा भी बी.आई.पी. और रीको के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मीट में शामिल होंगी। इसके तहत विभिन्न प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवादए सहयोग और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की जाएगी। इस दौरान ओडिशा के प्रमुख उद्योग समूहों और व्यवसायिक प्रतिनिधियों के साथ खननए धातुए प्रसंस्करणए हरित ऊर्जाए वस्त्र और परिधान तथा पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों में साझेदारी के लिए बैठकें होंगी। गौरतलब है कि प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से जोड़ने के उद्देश्य से पिछले साल से 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाया जाता है। इसी पहल के तहत राज्य सरकार विभिन्न शहरों में उद्योग जगत से सतत सम्पर्क और संवाद को प्रोत्साहित कर रही है।

000

प्रदेश में गोवंश को लम्पी बीमारी से सुरक्षित रखने और इसकी रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य और जिला स्तर पर नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गई है। वहीं गौवंश में संक्रमण की रोकथाम के लिए आवागमन को सीमित करने के उद्देश्य से पशु मेलों और हाटों के आयोजन पर रोक लगाई गई है। पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने कल जयपुर में पशुधन भवन में इस संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रदेश में लम्पी रोग की वर्तमान स्थितिए टीकाकरण और घर-घर चलाये जा रहे सर्वेक्षण अभियानों की जानकारी ली। श्री भाले ने अधिकारियों को जिला स्तर पर रोजाना स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

000

भारतीय वायुसेना के पहले ड्रोनाथन की जैसलमेर के पोकरण में कल से शुरूआत हुई। मानवरहित युद्धक क्षमताओं को नई धार देने के उद्देश्य से तीन दिन के इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वायुसेना के उप प्रमुख वाइस एयरमार्शल आशुतोष दीक्षित ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। ड्रोनाथन 2026 का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को

गति देना और मानवरहित हवाई प्रणाली तथा ड्रोन रोधी तकनीकों में स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ाना है। ड्रोनाथन पर और ब्यौरा हमारे जैसलमेर संवाददाता से -

...............

000

उदयपुर संभाग और आस-पास के जिलों में आज कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के बाकी हिस्सों में भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। बीकानेर संभाग के कुछ भागों में हल्की बारिश के आसार हैं। इस बीचए कल राजधानी जयपुर सहित 15 शहरों में पानी बरसा। झालावाड़ के रायपुर में सबसे ज्यादा 3 इंच बारिश दर्ज की गई। उदयपुर के कोटड़ा में भी करीब 7 सेंटीमीटर बरसात हुई। इसके अलावाए अजमेरए चित्तौड़गढ़ए पालीए जोधपुरए सिरोहीए डूंगरपुरए जालौर और राजसमंद में भी बरसात का दौर चला। बाड़मेर जिले के सेड़वा और धनाउ इलाके में कल शाम कुछ देर तेज बारिश हुई। वहीं 40 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि यहां पिछले कुछ दिनों से लगातार तेज गर्मी और उमस का असर बना हुआ है।

...............

भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी इलाके के मनसा गांव में बिजली गिरने से दो लोग गंभीर रूप से झुलस गये। इन्हें इलाज के लिए कोटड़ी अस्पताल ले जाया गयाए जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

000

राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर आज गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। जयपुर में मोती डूंगरी गणेश मंदिर से गाजे बाजे और लवाजमे के साथ ये शोभायात्रा निकलेगीए जो विभिन्न मार्गों से होते हुए गढ़ गणेश मंदिर पहुंचेगी। यातायात पुलिस की ओर से शोभायात्रा को देखते हुए विशेष ट्रेफिक व्यवस्था और बदलाव प्लान जारी किया गया है।

000

भारतीय रिजर्व बैंक ने साइबर धोखाधड़ीए विवादित लेनदेन और मनी म्यूल खातों से निपटने के लिए नया ड्राफ्ट जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तैयार किये गये इस मसौदे के तहत साइबर ठगी की जांच के नाम पर पूरे खाते को अनिश्चितकाल के लिए फ्रीज करने के बजाय संदिग्ध राशि को ही रोका जाएगा। बैंकों की ओर से लगाया गया ये अस्थायी डेबिट होल्ड अधिकतम 60 दिनों के लिए वैध होगा।

000